प्रेस नोट थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर दिनांक 18.07.2024

चोरी का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का सामान बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के द्वारा चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष पिपराइच के नेतृत्व में उ0नि0 राजकुमार मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 549/2024 धारा 381 भादवि से सम्बंधित अभियुक्त जमालुद्दीन को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से चोरी की ई-रिक्शा बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 20.06.2024 को वादी द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दी गयी की वादी ने अपना ई- रिक्शा प्रतिवादी को चलाने हेतु दिया था तथा कुछ दिन पश्चात वादी द्वारा प्रतिवादी से संपर्क किया गया तो प्रतिवादी अपने परिवार सहित ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया, जिसके संबंध में वादी द्वारा दिये गये तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

जमालुद्दीन पुत्र सरीफ अंसारी निवासी जंगल अहमद अली शाह टोला लक्ष्मीपुर थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 549/2024 धारा 381,411 भादवि थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 राजकुमार थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर
2. हे0का0 शाहिद खां थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर
3. का0 संदीप यादव थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर